33

NP – 071

IV Semester B.A./B.V.A. Examination, August/September 2023
(NEP Scheme)
HINDI LANGUAGE – IV
Khanda Kavya, Patra Lekhan Aur Alekhan (AECC)

Time : 2½ Hours   Max. Marks : 60

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या **एक** वाक्य में लिखिए : **(1×10=10)**

1) क्षुब्ध ब्राह्मण क्यों शाप दे रहा था ?

2) राम को कितने वर्ष का वनवास मिला था ?

3) शम्बूक के अनुसार विप्र बालक की मृत्यु का कारण क्या था ?

4) शम्बूक खंडकाव्य के प्रधान पात्र कौन-कौन है ?

5) शम्बूक खंडकाव्य के रचयिता का नाम लिखिए ।

6) जहाँ व्यक्ति का सम्मान होता है, वहाँ किस प्रकार के समाज की कल्पना की जाती है ?

7) मानव कर्म के आयाम क्या है ?

8) शम्बूक की क्या कामना थी ?

9) राम के द्वारा शम्बूक का वध क्यों किया गया ?

10) शम्बूक खंडकाव्य में किस नदी के तट की शोभा का मनोरम वर्णन किया गया है ?

II. किन्हीं **दो** का संदर्भ सहित भाव लिखिए : **(7×2=14)**

1) वनदेवता : यहाँ चौदह वर्ष तक
तुमने किया, वनवास
तुम नहीं वन से अपरिचित
है हमें विश्वास
उस समय तुम थे बटोही
राज-सत्ताहीन
किन्तु अब तुम राजपद पर
हो चुके आसीन

St Claret College LIBRARY Bangalore-560013

P.T.O.

2) शम्बूक : कौन शासक भूल अपनी मानता
सदा अपराधी प्रजा को जानता
राम तुम राजा बने किस हेतु हो ?
व्यष्टि और समष्टि मन के सेतु हो ?
शूद्र-धाती बने, करके क्रोध,
क्या तुम्हारा यही समता-बोध ?

3) राम : कर्म का सिद्धान्त, शुभ स्वीकार्य
जन्म भी तो कर्म से ही धार्य
पूर्व जन्मों के किये अनुसार
जीव मरते-जन्मते हर बार
एक ही तो नहीं होता जन्म ।

III. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : **(1×16=16)**

1) 'रक्त तिलक' अंश में शंबूक की पीड़ा का वर्णन करते हुए कवि ने एकलव्य और शम्बूक की एकता को किस प्रकार अभिव्यक्त किया है ? लिखिए ।
2) शम्बूक खंडकाव्य के अन्तर्गत 'राजद्वार' अंश में राम के वैभवपूर्ण दरबार का वर्णन कीजिए ।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : **(1×5=5)**

1) नारद ।
2) पुष्पक यान ।

V. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(3×5=15)**

1) पत्र-लेखन किसे कहते हैं ? उसके प्रकार को समझाइए ।
2) पत्र-लेखन के स्वरूप पर प्रकाश डालिए ।
3) पत्र-लेखन में ध्यान देने योग्य बातें कौन-कौन सी है ? लिखिए ।
4) पत्र-लेखन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।